Victorian Seniors Card

ये एक Seniors Card है, और इससे कई लाभ और छूटें मिलती हैं।

Seniors Card का उद्देश्य, वृद्धों को समुदाय में सक्रिय और व्यस्त रहने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि बुज़ुर्गों के लिए घर से बाहर निकल कर आनंद उठाना और अधिक किफायती हो सके।

विक्टोरिया में Seniors Card के लिए पात्र होने के लिए आपकी आयु 60 साल या उससे अधिक होना आवश्यक है, लेकिन आप अपनी आयु 60 साल की होने से चार सप्ताह पहले इस कार्ड के लिए आवेदन कर सकते /सकती हैं।

आपका ऑस्ट्रेलिया का एक स्थायी निवासी होना और विक्टोरिया में रहना आवश्यक है।

ये दो अलग-अलग तरह के कार्ड्स हैं

- यदि आप प्रति सप्ताह 35 घंटे से कम काम करते/करती हैं, तो आप Seniors Card के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।
- यदि आप प्रति सप्ताह 35 घंटे या उससे अधिक काम करते/करती हैं, तो आप Seniors Business Discount के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आपका Medicare कार्ड आपके पास होना चाहिए।

इसमें पांच मिनट लगते हैं और यह Seniors Card निःशुल्क है।

आवेदन पत्र आपकी स्थानीय लाईब्रेरी से भी मिल सकते हैं, और वे लोग ऑनलाइन फॉर्म भरने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

Seniors Card धारक और Seniors Business Discount Card धारक हजारों Seniors Card व्यापारों से वस्तुओं और सेवाओं पर छूट प्राप्त कर सकते हैं।

Seniors Card धारकों के लिए - सार्वजनिक परिवहन में छूट कार्यक्रम में शामिल होने पर एक निःशुल्क Seniors myki कार्ड।

इस कार्ड से मिलने वाले लाभों में शामिल हैं:

- रेस्टोरेंट्स सहित हजारों व्यापारों में छूटें।
- मैलबर्न चिड़ियाघर जैसे कई आकर्षणों में छूट।
- संग्रहालय के प्रवेश शुल्क में छूट।
- सिनेमा के टिकटों पर छूट।

'Seniors Cards Welcome Here' लोगो के लिए देखें या जब आप घर से बाहर हों तो सीनियर्स कार्ड छूटें मांगें।

ऑनलाइन आवेदन करें, ताकि आप आज ही Seniors Card के लाभ प्राप्त करना शुरू कर सकें।

www.seniorsonline.vic.gov.au

SENIORS CARD